(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान रत्न तथा आभूषण के निर्यात और उनमें हुई प्रतिशत वृद्धि नीचे दी गई है :—

| वर्ष | निर्यात करोड़ रु. में | % वृद्धि |
|---|---|---|
| 1990-91 | 5360.24 | |
| 1991-92 | 7233.73 | + 34.95 |
| 1992-93 | 9563.50 | + 31.37 |

(ग) रत्न तथा आभूषण के लिए निर्यात लक्ष्य प्रत्येक वर्ष विदेशी बाजारों में विद्यमान दशाओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किए जाते हैं। वर्ष 1993-94 के लिए निर्यात लक्ष्य 11056 करोड़ रु. है।

(घ) सरकार का विचार-निर्यात उत्पादन में सुधार लाने के लिए विनिर्दिष्ट उपायों तथा साथ-साथ क्रेता-विक्रेता बैठकों के प्रयोजनों मेलों/प्रदर्शनी आदि में भाग लेने के जरिए रत्न तथा आभूषण का निर्यात बढ़ाने का है।

**यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देशों को किए जाने वाले निर्यात का प्रभाव**

2384. **श्री अजीत जोगी :**
**चौधरी हरि सिंह :**

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देशों को दिए जाने वाले निर्यात का रुपये की विनिमय दर पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

**वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी)** : (क) और (ख) चूंकि रुपए की विनिमय दर विदेशी मुद्रा बाजारों में मांग और आपूर्ति के आधार पर निर्धारित होती है इसलिए रुपए की विनिमय दर पर एक क्षेत्र से निर्यात के प्रभाव को अलग करना और मूल्यांकन करना संभव नहीं है।

**पाकिस्तान के साथ आयात और निर्यात**

2385. **श्री मोहम्मद अफजल और मीर अफजल :** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पाकिस्तान से वर्ष 1992-93 के दौरान आयात की गई वस्तुओं का ब्यौरा क्या है तथा उनकी कीमत कितनी थी; और

(ख) उपरोक्त अवधि के दौरान पाकिस्तान को निर्यात की गई वस्तुओं का ब्यौरा क्या है तथा उनकी कितनी कीमत थी ?

**वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी)** : (क) और (ख) वर्ष 1992-93 के दौरान पाकिस्तान से आयात की गई तथा पाकिस्तान को निर्यात की गई प्रमुख मदों के मूल्य सहित ब्यौरे निम्नानुसार हैं :—

| पाकिस्तान को निर्यात | (रु. लाख में) |
|---|---|
| चाय | 710.15 |
| मसाले | 1299.83 |
| खाद्य तेल | 3491.59 |
| चमड़ा | 57.44 |
| लौह अयस्क | 928.01 |
| औषधियां भेषजीय पदार्थ | 1100.65 |
| अन्य अयस्क तथा खनिज | 634.85 |
| रंगक/मध्यवर्ती सामान तथा कोलतार रसायन | 2119.39 |
| रबड़ से विनिर्मित उत्पाद | 630.59 |
| पेस्ट/इनैमिल/वार्निश आदि | 841.61 |
| अन्य मदें | 3312.64 |
| योग | 15126.75 |

| पाकिस्तान से आयात | (रु. लाख में) |
|---|---|
| फल तथा गिरियां | 5346.37 |
| काजू गिरी को छोड़कर तेल—बीज | 289.31 |
| लकड़ी तथा लकड़ी उत्पाद | 567.79 |
| वस्त्र यार्न, फैब्रिक | 932.11 |
| मेड अप्स वस्तुएं चमड़ा | 3773.26 |
| धात्विक अयस्क तथा धातु कतरन | 240.60 |
| पेपर बोर्ड तथा उससे बने सामान | 232.78 |
| मोती मूल्यवान तथा अर्धमूल्यवान पत्थर | 20.47 |
| धातु से बने सामान | 15.88 |
| कच्चा ऊन | 1463.37 |
| अन्य मदें | 28168.11 |
| योग : | 37350.05 |